Adda247
GET IT ON Google Play

# Bihar Police SI Paper 01 MBT Based Paper Held On 27th May 2026

**Q1.** 'कवीश्वर' का संधि-विच्छेद क्या है ?
(a) कवी + ईश्वर
(b) कवि + ईश्वर
(c) कवी + अश्वर
(d) कवि + श्वर
**Ans.(b)**

**Q2.** 'यण संधि' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा संधि-विच्छेद 'अशुद्ध' (Incorrect) है?
(a) स्वल्प = सु + अल्प
(b) अन्वेषण = अनु + एषण
(c) प्रत्युपकार = प्रति + उपकार
(d) पित्राज्ञा = पितृ + आग्या
**Ans.(d)**

**Q3.** 'मदिरालय' शब्द के संधि-विच्छेद का चयन कीजिए:
(a) मदिरा + लय
(b) मदिरा + अलय
(c) मदिर + आलय
(d) मदिरा + आलय
**Ans.(d)**

**Q4.** देव्यर्थ का संधि विच्छेद है
(a) देवी + व्यर्थ
(b) देव + व्यर्थ
(c) देव + यर्थ
(d) देवी + अर्थ
**Ans.(d)**

**Q5.** निम्नलिखित विकल्पों में से 'निर्भय' की संधि विच्छेद क्या है?
(a) नि:+अभाव
(b) नी:+भया
(c) नि:+भय
(d) निर+भाव
**Ans.(c)**

**Q6.** 'गत्यंतर' शब्द का सर्वाधिक उपयुक्त संधि-विच्छेद है-
(a) गति + अंतर
(b) गत्य + अंतर
(c) गत + यंतर
(d) गत् + अंतर
**Ans.(a)**

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500% Refund** on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Job Alerts** Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**

Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime

Rating | Editors' choice | New

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

**DOWNLOAD THE APP**

**Q7.** उत् + हार के योग से निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द बनेगा ?
(a) उदार
(b) उद्धार
(c) उतार
(d) आहार
**Ans.(b)**

**Q8.** 'मतैक्य' में कौन-सी संधि है?
(a) वृद्धि
(b) यण्
(c) गुण
(d) दीर्घ
**Ans.(a)**

**Q9.** निम्नलिखित शब्द के संधिविच्छेद से सम्बंधित चार-चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिए गए हैं। इनमें से सही संधिविच्छेद वाले विकल्प का चयन कर उत्तर पत्रक में अंकित कीजिए।
तथैव
(a) तथा + एव
(b) तथा + ऐव
(c) तथ + एव
(d) तथ +
**Ans.(a)**

**Q10.** निम्नलिखित शब्द के संधिविच्छेद से सम्बंधित चार-चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिए गए हैं। इनमें से सही संधिविच्छेद वाले विकल्प का चयन कर उत्तर पत्रक में अंकित कीजिए।
यद्यपि
(a) यद्य + अपी
(b) यदि + अपि
(c) यदी + अपी
(d) यद्य + अपि
**Ans.(b)**

**Q11.** निम्नलिखित शब्द के संधिविच्छेद से सम्बंधित चार-चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिए गए हैं। इनमें से सही संधिविच्छेद वाले विकल्प का चयन कर उत्तर पत्रक में अंकित कीजिए।
इत्यादि
(a) इ + त्यादि
(b) इत् + आदि
(c) इति + आदि
(d) इत्या + दि
**Ans.(c)**

**Q12.** 'मनोयोग' का सही संधि-विच्छेद है -
(a) मनः + यो + योग
(b) मनोः + योग
(c) मनः + आयोग
(d) इनमें से कोई नहीं
**Ans.(d)**

**Q13.** महोत्सव' में प्रयुक्त संधि का नाम बताइए:
(a) दीर्घ संधि
(b) गुण संधि
(c) वृद्धि संधि
(d) यण संधि
**Ans.(b)**

**Q14.** यद्यपि' में प्रयुक्त संधि का नाम बताइए:
(a) गुण संधि
(b) अयादि संधि
(c) यण संधि
(d) वृद्धि संधि
**Ans.(c)**

**Q15.** 'महोदय' का सही संधि-विच्छेद है -
(a) महो + उदय
(b) महो + दय
(c) महा + ओदय
(d) महा + उदय
**Ans.(d)**

**Q16.** 'चरणकमल' में समास है :
(a) तत्पुरुष
(b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि
(d) द्वंद्व
**Ans.(b)**

**Q17.** घुड़दौड़ किस समास का उदाहरण है ?
(a) द्विगु समास
(b) द्वंद्व समास
(c) अव्ययीभाव समास
(d) तत्पुरुष समास
**Ans.(d)**

**Q18.** विग्रह की दृष्टि से दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प अनुचित है ?
(a) देश पर निकाला
(b) वन में वास
(c) जल की धारा
(d) चंद्र का प्रकाश
**Ans.(a)**

**Q19.** प्रत्यंग किस समास का उदाहरण हैं?
(a) अव्ययीभाव
(b) तत्पुरुष
(c) द्विगु
(d) द्वंद
**Ans.(a)**

**Q20.** 'सतसई' किस समास का उदाहरण है?
(a) तत्पुरुष
(b) कर्मधारय
(c) द्वंद्व
(d) द्विगु
**Ans.(d)**

**Q21.** निम्नलिखित में से किस विकल्प में सही समास विग्रह नहीं हुआ है ?
(a) वेद-पुराण - वेद और पुराण
(b) देहलता - लता रूपी देह
(c) यज्ञशाला - यज्ञ के लिए शाला
(d) नवनिधि - नौ प्रकार की निधियाँ
**Ans.(d)**

**Q22.** 'सामासिक पदों' के विग्रह और समास के नाम के संदर्भ में कौन-सा विकल्प 'असंगत' (Incorrect) है?
(a) आपबीती — आप (स्वयं) पर बीती (अधिकरण तत्पुरुष)
(b) वज्रपाणि — वज्र है पाणि (हाथ) में जिसके अर्थात् 'इंद्र' (बहुव्रीहि समास)
(c) तुलसीकृत — तुलसी के द्वारा कृत (करण तत्पुरुष)
(d) नीलकमल — नीला है जो कमल (बहुव्रीहि समास)
**Ans.(d)**

**Q23.** 'रक्तरंजित' शब्द में कौन सा समास है?
(a) तत्पुरुष समास
(b) अव्ययीभाव समास
(c) द्वंद्व समास
(d) द्विगु समास
**Ans.(a)**

**Q24.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:

| सूची-I (विग्रह) | सूची-II (समास) |
|---|---|
| 1. कृष्ण के लिए अर्पण | i बहुव्रीहि |
| 2. विद्या ही है रत्न | ii तत्पुरुष |
| 3. तीनों भुवनों का समाहार | iii कर्मधारय |
| 4. सात हैं खण्ड जिसमें | iv द्विगु |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:
(a) 1-iii, 2-i, 3-iv, 4-ii
(b) 1-ii, 2-iii, 3-iv, 4-i
(c) 1-i, 2-ii, 3-iii, 4-iv
(d) 1-iv, 2-iii, 3-ii, 4-i
**Ans.(b)**

**Q25.** लोटा डोरी कौन-सा समास है ?
(a) कर्मधारय समास
(b) द्वन्द्व समास
(c) द्विगु समास
(d) बहुव्रीहि समास
**Ans.(b)**

**Q26.** निम्नलिखित में से गलत मुहावरे युग्म की पहचान कीजिए।
(a) तारे गिनना - व्यग्रता से प्रतीक्षा करना
(b) छिपा रुस्तम - देखने में साधारण, वास्तव में गुणी
(c) चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना - घबरा जाना
(d) घड़ों पानी पड़ जाना - बहुत अधिक खुश होना
**Ans.(d)**

**Q27.** निम्नलिखित मुहावरों का कौन सा एक विकल्प खंड शुद्ध है?
(a) भंडा फूटना - विशेष रूप से आमंत्रित करना
(b) माथे मढ़ना - जबरदस्ती लादना
(c) मैदान मारना - हानि पहुँचाना
(d) मौत के घाट उतारना - दुखी होना
**Ans.(b)**

**Q28.** निम्न में से कौन-सा मुहावरा अपने अर्थ से असुमेलित है--
(a) अंत पाना - रहस्य जान लेना
(b) अंत बिगड़ना - फल बुरा होना
(c) अंटी काटना - जेब काटना
(d) अंतड़ियाँ कुलबुलाना - पिटने का दिल करना
**Ans.(d)**

**Q29.** 'हजामत बनाना' मुहावरे का उचित अर्थ निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(a) बेवकूफ बनाकर ठगना
(b) मारपीट करना
(c) गुस्सा होना
(d) उपहास करना
**Ans.(a)**

**Q30.** 'अंगद का पैर होना' मुहावरे का अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है?
(a) प्रतिज्ञा जिससे कभी न डिगे
(b) मजबूत और सुदृढ़ टाँगों वाला
(c) स्थिर कदम जो कभी विचलित नहीं होते
(d) राम का परम भक्त
**Ans.(a)**

**Q31.** निम्नलिखित में से लोकोक्ति का प्रचलित रूप कौन-सा है?
(a) कोयल खोय न खुजली, सौ मन साबुन लाई
(b) कोयल होय न सौ मन साबुन लाई उजली
(c) साबुन होय न उजली, सौ मन कोयल लाई
(d) कोयल होय न उजली, सौ मन साबुन लाई
**Ans.(d)**

**Q32.** "अस्थिर विचार वाला व्यक्ति कुछ भी नहीं कर पाता" के भाव को अभिव्यक्त करने वाली सही कहावत कौन-सी है ?
(a) ढोल के भीतर पोल
(b) दुविधा में दोनों गए माया मिली नराम
(c) ढाक के तीन पात
(d) तख़्त या तख़्ता
**Ans.(b)**

**Q33.** सफाई सबको पसंद होनी चाहिए।
इस अर्थ के लिए उपयुक्त लोकोक्ति कौन सी है?
(a) कोयल होय न उजली सौ मन साबुन लाइ
(b) कागज की नाव नहीं चलती
(c) कुत्ता भी दुम हिलाकर बैठता है
(d) कमली ओढ़ने से फकीर नहीं होता
**Ans.(c)**

**Q34.** किसी उपाय से स्वभाव नहीं बदलता। इस अर्थ के लिए सही लोकोक्ति कौन सी है?
(a) गधा धोने से गाय नहीं हो जाता
(b) गधा धोने से घोड़ा नहीं हो जाता
(c) गधा धोने से बैल नहीं हो जाता
(d) गधा धोने से बछड़ा नहीं हो जाता
**Ans.(d)**

**Q35.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प लोकोक्ति का प्रचलित/सही रूप है?
(a) कोयला खोय न उजला सौ मन साबुन धोय दुबला।
(b) कोयल होय उजला सौ मन साबुन धोय।
(c) कोयला होय न उजला सौ मन साबुन धोय।
(d) कोयला होय न उजला अगर सौ मन साबुन सुधला।
**Ans.(c)**

**Directions (36-38):** नीचे दिए गए गद्यांश के बाद प्रश्न दिए गये हैं। इस गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ और चार विकल्पों में से प्रत्येक मन का सर्वोत्तम उत्तर चुनें।

अवध की संस्कृति में सुसज्जित घोड़ा परिवहन का साधन और शान का प्रतीक था। मुख्य रूप से तीन प्रकार के ताँगे और इक्के मिलते हैं- बग्गी, फिटन और टमटम । बग्गी बंद डिब्बे की होती है, तो फिटन और टमटम खुले वाहन हैं, जिन्हें नवाबों द्वारा यात्रा में वरीयता दी जाती थी। किन्तु ताँगे व इक्के का शाब्दिक अर्थ अधिक अश्व शक्ति की और इंगित करता है। इक्के में एक घोड़ा होता है जबकि बग्गी या ताँगे में दो, चार या अधिक घोड़े होते हैं। यह वास्तव में इस्तेमाल करने वाले की सामाजिक प्रतिष्ठा पर निर्भर करता है। 18 वीं सदी के उत्तरार्द्ध और 19 वीं सदी के प्रारम्भ में अवध के सामाजिक-सांस्कृतिक और आर्थिक माहौल में बदलाव आया। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हल्के वाहनों का निर्माण और इस्तेमाल होने लगा, जिसमें कम से कम अश्व शक्ति लगे । सामान्य बोलचाल में इक्के का अर्थ है इक या एक यानि एक व्यक्ति के इस्तेमाल के लिए। इसके अतिरिक्त ताँगा एक परिवार वाहन था । किन्तु किफायत की मजबूरी को देखते हुए इक्के में अधिक संख्या में यात्री बैठाने पड़े । ताँगा अपेक्षकृत भारी और बड़ा वाहन हैं, जिसमें पैरो के लिए अधिक जगह होती हैं और चार से छह वयस्क पीछे कमर लगाकर बैठ सकते हैं। हर साल इन ताँगों और इक्कों की दौड़ लखनऊ में होती है। जँगी घोड़े इस दौरान सबके लिए आर्कषण का केन्द्र - बिन्दु होते हैं। घोड़े के खूरों का भी श्रृंगार किया जाता है। पुरानी नाल के स्थान पर नई नाल लगाई जाती हैं। पैरों की सुदंरता बढ़ाने के लिए कशीदाकारी युक्त वस्त्र पैरों में डाले जाते हैं और पीतल या चाँदी के घुंघरू बाँधे जाते हैं।

**Q36.** सामाजिक आर्थिक बदलावों ने किस तरह वाहनों को प्रभावित किया?
(a) बड़े वाहनों का प्रयोग होने लगा
(b) ताँगे का प्रयोग होने लगा
(c) हल्के वाहनों का प्रयोग होने लगा
(d) भारी का प्रयोग होने लगा
**Ans.(c)**

**Q37.** घोड़ों के पैरो को किस रूप में सजाया जाता हैं?
(a) काशीदाकारी युक्त वस्त्र
(b) कलमकारी युक्त वस्त्र
(c) बुनाई वाले वस्त्र
(d) चमकीले वस्त्र
**Ans.(a)**

**Q38.** ताँगा किस रूप में इक्के से अलग वाहन हैं?
(a) भारी और बड़ा वाहन
(b) भारी और हल्का वाहन
(c) छोटा और हल्का
(d) छोटा और भारी वाहन
**Ans.(a)**

Adda247
GET IT ON Google Play

**Directions (39-41):** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके सही उत्तर दीजिये।
नदी तट पर घुमते हुए मैंने देखा की दिवस का अवसान होने जा रहा था और पूरा गगन लोहित हो चला था। तरुशिखाओं पर किरणें शोभायमान थीं और कमलिनी कुलवल्लभ प्रतीची उन्मुख थे। पक्षियों का कलरव मनमोहक था और मैं ख़ुशी-ख़ुशी मित्र-मिलान की चाह की कल्पनाओं में खोया-सा चला जा रहा था। मैं रोमांचित था और आलिंगबद्ध होने की कामना लिए चला जा रहा था। कभी प्रकृति सौंदर्य और सभी मित्र, दोनों ही मुझ पर हावी थे, पर मन में यही था की आज दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

**Q39.** गद्यांश में वर्णन है:
(a) प्रातःकाल का
(b) मध्याह्न का
(c) संध्या का
(d) रात्रि का
**Ans.(c)**

**Q40.** उस समय आकाश का रंग था:
(a) श्वेत-श्याम
(b) लालिमायुक्त
(c) रंग-बिरंगा
(d) अत्यंत श्यामल
**Ans.(b)**

**Q41.** किरणें शोभायमान थीं:
(a) वृक्षों की चोटियों पर
(b) पर्वत-शृंखलाओं पर
(c) नदी प्रवाह पर
(d) रविक्रोड में
**Ans.(a)**

**Directions (42-44):** निर्देश: नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर बहुविकल्पी प्रश्न में से किसी एक सही विकल्प का चयन करें।
गद्यांश
आपको यह ध्यान में रखना चाहिए कि प्रारंभिक शिक्षा में सफाई, तन्दुरुस्ती, भोजनशास्त्र, अपना काम आप करने और घर पर माता-पिता को मंद देने वगैरह के मूल सिद्धान्त शामिल हों। मौजूदा पीढ़ी के लड़कों को स्वच्छता और स्वावलंबन का कोई ज्ञान नहीं होता और वे शरीर से कमजोर होते हैं। इसलिए मैं संगीतमय कवायद के जरिए उनको अनिवार्य शारीरिक तालीम दिला पाऊँगा।
गद्यांश का सारांश: यह गद्यांश महात्मा गांधी के शिक्षा दर्शन (नई तालीम) से संबंधित है। इसमें प्रारंभिक शिक्षा में सफाई, तंदुरुस्ती और स्वावलंबन के महत्व को बताया गया है। लेखक का मानना है कि आधुनिक पीढ़ी शारीरिक रूप से कमजोर है, जिसे संगीतमय व्यायाम (कवायद) के माध्यम से सुधारा जा सकता है।

**Q42.** मौजूदा पीढ़ी के लड़कों में ज्ञान नहीं होता है:
(a) संगीत का
(b) स्वावलंबन का
(c) विज्ञान का
(d) खेल का

**Ans.(b)**

**Q43.** किस अनिवार्य तालीम की बात गद्यांश में की जा रही है ?
(a) शारीरिक
(b) आध्यात्मिक
(c) मानसिक
(d) वैज्ञानिक
**Ans.(a)**

**Q44.** उपरोक्त गद्यांश में किस शिक्षा की बात कही गयी है ?
(a) अनिवार्य शिक्षा
(b) प्रौढ़ शिक्षा
(c) प्रारंभिक शिक्षा
(d) व्यस्क शिक्षा
**Ans.(c)**

**Q45.** वाक्य के अशुद्ध भाग (त्रुटिपूर्ण भाग) का चयन कीजिए:
पिताजी मुझको नई कमीज [A] / और मां के लिए [B] / एक सुन्दर साड़ी लाए। [C] / कोई त्रुटि नहीं [D]
(a) [A]
(b) [B]
(c) [C]
(d) [D]
**Ans.(a)**

**Q46.** निर्देशः नीचे दिये गये वाक्य के कुछ भाग में त्रुटि है। जिस भाग में त्रुटि हो, उस भाग का अक्षरांक (1), (2), (3) अथवा (4) ही आपका उत्तर है।
अस्पताल में मरीज का (1) / बहुत बुरा हाल था फिर भी (2) / कोई उसकी देखभाल (3) करने वाला नहीं था। (4)
(a) (1)
(b) (2)
(c) (3)
(d) (4)
**Ans.(c)**

**Q47.** निर्देशः नीचे दिये गये वाक्य के कुछ भाग में त्रुटि है। जिस भाग में त्रुटि हो, उस भाग का अक्षरांक (1), (2), (3) अथवा (4) ही आपका उत्तर है। मैं आज सुबह (1)/ आपके घर गया था (2)/ किन्तु तुम घर (3)/ पर नहीं मिले। (4)
(a) (1)
(b) (2)
(c) (3)
(d) (4)
**Ans.(c)**

**Q48.** निर्देशः नीचे दिये गये वाक्य के कुछ भाग में त्रुटि है। जिस भाग में त्रुटि हो, उस भाग का अक्षरांक (1), (2), (3) अथवा (4) ही आपका उत्तर है। आज जो नारी अपने काम-काज को (1)/ अपने बच्चों से अधिक महत्त्वाकांक्षी (2) / मानती है, (3)/ उसे विवाह नहीं करना चाहिए। (4)
(a) (1)
(b) (2)

(c) (3)
(d) (4)
**Ans.(b)**

**Q49.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो सही वाक्य भेद का विकल्प हो।
काम समाप्त करो और घर जाओ।
(a) संयुक्त वाक्य
(b) मिश्र वाक्य
(c) संदेहवाचक वाक्य
(d) सरल वाक्य
**Ans.(a)**

**Q50.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो सही वाक्य भेद का विकल्प हो।
मैने एक पक्षी देखा जो घायल था।
(a) विधानवाचक वाक्य
(b) सरल वाक्य
(c) मिश्र वाक्य
(d) संयुक्त वाक्य
**Ans.(c)**

**Q51.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो सही वाक्य भेद का विकल्प हो।
उसके मौन से प्रमाणित होता है कि वह अपराधी है।
(a) विधानवाचक वाक्य
(b) मिश्र वाक्य
(c) सरल वाक्य
(d) संयुक्त वाक्य
**Ans.(b)**

**Q52.** 'आज बहुत पानी बरसा है'। उक्त वाक्य है:
(a) संयुक्त वाक्य
(b) सरल वाक्य
(c) मिश्र वाक्य
(d) संयुक्त मिश्र वाक्य
**Ans.(b)**

**Q53.** हिंदी का प्रथम महाकाव्य कौन सा है ?
(a) पृथ्वीराज रासो
(b) पद्मावत
(c) रामचरितमानस
(d) पृथ्वीराज विजय
**Ans.(a)**

**Q54.** 'तितली' किसकी रचना है ?
(a) जयशंकर प्रसाद
(b) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(c) श्याम सुंदर दास
(d) आचार्य महावीर प्र. द्विवेदी
**Ans.(a)**

**Q55.** निम्नलिखित में से सबसे पहले अपनी आत्मकथा हिंदी में किसने लिखो ?
(a) राजेंद्र प्रसाद
(b) श्याम सुंदर दास
(c) जवाहर लाल नेहरू
(d) सेट गोविन्द दास
**Ans.(a)**

**Q56.** अबला जोवन हाय तुम्हारी यही कहानी,
आँचल में है दूध और आंखों में पानी।
उपर्युक्त पंक्तियाँ किस काव्य की है ?
(a) यशोधरा
(b) कामायनी
(c) साकेत
(d) आँसू
**Ans.(a)**

**Q57.** सखि वे मुझसे कह कर जाते।
प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता हैं-
(a) अजेय
(b) मैथली शरण गुप्त
(c) हरिऔध
(d) जयशंकर प्रसाद
**Ans.(b)**

**Q58.** जब मेरा अस्तित्व न रहेगा, प्रभु, तब तुम क्या करोगे ?
जब मैं – तुम्हारा जलपात्र, टूटकर बिखर जाऊँगा ?
जब मैं तुम्हारी मदिरा सूख जाऊँगा या स्वादहिन हो जाऊँगा ?
मैं तुम्हारा वेश हुँ, तुम्हारी वृति हुँ
मुझे खो कर तुम अपना अर्थ खो बैठोगे ?
उपर्युक्त कविता के संपादक कौन है?
(a) रामधारी सिंह
(b) रेनर मरिया रिल्के
(c) कवि कुंवर नारायण
(d) धर्मवीर भारती
**Ans.(d)**


Test Prime By Adda247

# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

Free **25,000+** PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly




## ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.

- Topic-wise & Exam-wise PDFs
- Download & Study Offline
- Attempt as Mock & Track Score
- Smart Analysis & Performance

## AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD THE APP

**Q59.** 'अति सूधो सनेह को मारग है' छंद के रचनाकार कौन हैं?
(a) गुरु नानक
(b) रसखान
(c) घनानंद
(d) प्रेमघन
**Ans.(c)**

**Q60.** किस वाक्य में 'अच्छा' शब्द का प्रयोग विशेषण के रूप मे हुआ है?
(a) अच्छा, तुम घर जाओ।
(b) यह स्थान बहुत अच्छा है।
(c) तुमने अच्छा किया जो आ गए।
(d) अच्छा है वह अभी आ जाए।
**Ans.(b)**